# तय समय से भी तेज बन रहा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे

**समीक्षा**

**राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता**

बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का काम 32 फीसदी पूरा कर लिया गया है। तय शिड्यूल से भी तेज गति से इस एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य इस समय चल रहा है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से निर्माण कार्यों की समीक्षा की। निर्देश दिए कि गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए निर्माण कार्य किया जाए।

इस एक्सप्रेस वे का 35 फीसदी काम पूरा करने का लक्ष्य जुलाई 2021 तय किया गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले दो महीने में ही यह लक्ष्य पूरा हो जाएगा।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने मशीनरी और टेक्निकल स्टाफ पर्याप्त संख्या में बढ़ाने का निर्देश दिया। डीबीएम कार्य की गति तेज करने को कहा। अब तक क्लीयरिंग एंड ग्रबिंग का कार्य 92 प्रतिशत और मिट्टी का कार्य 73 प्रतिशत से अधिक पूरा किया जा चुका है। 819 में से 363 स्ट्रक्चर्स का काम भी पूरा हो गया है। अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि जुलाई 2021 में 35 प्रतिशत का द्वितीय माइल स्टोन पूरा करने का लक्ष्य है यह काम पांच महीने पहले पूरा कर लिया जाएगा।